आयो मेरो श्याम,
हम तो प्यार से रिझाएंगे,
हम मिलकर खाटू जाएंगे,
आयो मेरो श्याम।।

तर्ज एक तेरा साथ हमको।

हारे का सहारा वो,
है श्याम हमारा वो,
वो सबके साथ है,
सुंदर सा द्वारा है,
देवों में न्यारा है,
दीनों का नाथ है,
प्रेम से मिलकर,
जय जयकार हम लगाएंगे,
हम मिलकर खाटू जाएंगे
आयो मेरो श्याम।।

दर इसके जो आता,
बिन मांगे वो पाता,
ये लखदातार है,
बन जाते बिगड़े काम,
बोले जो जय श्री श्याम,
यह पालनहार है,
इस की किरपा से,

हम जीवन में सब पाएंगे,
हम मिलकर खाटू जाएंगे,
आयो मेरो श्याम।।

तुम से ही सांवरिया,
मेरी जिंदगानी है,
मेरा विश्वास है,
हर लेता दुख सारे,
और देता सुख सारे,
तू हर पल पास है,
नाचे हम सारे,
बाबा तुझको भी नचाएंगे,
हम मिलकर खाटू जाएंगे,
आयो मेरो श्याम।।

आयो मेरो श्याम,
हम तो प्यार से रिझाएंगे,
हम मिलकर खाटू जाएंगे,
आयो मेरो श्याम।।

Singer : Komal Chopra

Source:
https://www.bharattemples.com/aayo-mero-shyam-hum-to-pyar-se-rijhayenge/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw